Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 27-02-2006
Participants : Shandil Dr. (Col.) Dhani Ram

Title : Regarding the need to set up high power T.V. transmitters at higher altitudes in Shimla Parliamentary Constituency, Himachal Pradesh.

डॉ. कर्नल (सेवानिवृत्त) धनीराम शांडिल्य (शिमला) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान हिमाचल प्रदेश में शिमला संसदीय क्षेत्र के दूर-दराज के क्षेत्रों की दूरदर्शन सुविधाओं से संबंधित समस्याओं की ओर आकृट करना चाहता हूं। इस विाय को मैं पहले भी इस सदन में उठाता आया हूं।

मान्यवर, इस क्षेत्र की प्राकृतिक संरचना, भौगोलिक परिस्थितियां ऐसी हैं कि जब तक ऊंचे स्थानों पर आधुनिक प्रणाली से युक्त व शक्तिशाली ट्रांसमीटर नहीं लगेंगे तब तक निचले क्षेत्रों, घाटियों व दुर्गम क्षेत्रों में टेलीविजन की सुविधा नहीं मिल पायेगी। इन ट्रांसमीटरों के अभाव में इस क्षेत्र के कर्मठ, भोले-भाले कृाि व फल-उत्पादन से जुड़े किसान वर्ग के लोग दूर-दर्शन के संतोाजनक अवलोकन से वंचित रहेंगे।

महोदय, इन समस्याओं का समाधान तभी संभव हो सकेगा यदि आधुनिकीकरण की प्रक्रिया में तेजी लायी जाये और दूरदर्शन के सही संचालन व अवलोकन की व्यवस्था को सक्षम बनाया जाये। मान्यवर, मेरा केन्द्रीय सरकार से अनुरोध रहेगा कि शिमला संसदीय क्षेत्र के ऊंचाई वाले इलाके जैसे खड़ा पत्थर, सोलन के बाड़ी धार, कठपोल का टिब्बा व सिरमौर में चूड़धार जैसे सभी क्षेत्रों पर शक्तिशाली ट्रांसमीटर व डिश-एंटिना शीघ्रातिशीघ्र लगा दिए जायें।